हमें टोल-फ्री कॉल करें:

1-800-511-2300

या निम्नलिखित पर जाएँ:

dhcs.ca.gov/OPL

अंग्रेजी, स्पेनिश, अरबी, अर्मेनियाई, कंबोडियन / खमेर, कैंटोनीज़, फ़ारसी, हिंदी, हमोंग, जापानी, कोरियाई, लाओ, मंदारिन, पंजाबी, रूसी, तागालोग, थाई और वियतनामी।
(24/7 उपलब्ध)

**स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच हेतु ये नि:शुल्क परीक्षण करवाने के लिए निम्नलिखित आवश्यक हैं:**

- आप कैलिफोर्निया के निवासी हैं।
- आप उम्र-संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।
- आपके पास कोई या सीमित स्वास्थ्य बीमा नहीं है।
- आपके पास एक प्रतिपूर्ति या कटौती योग्य स्वास्थ्य बीमा है जिसे आप वहन नहीं कर सकते, या
- आपकी घरेलू आय कम है।

**गैर-भेदभाव का विवरण**

कैलिफोर्निया डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ केयर सर्विसेज लागू संघीय नागरिक अधिकार कानूनों का अनुपालन करता है और नस्ल, रंग, राष्ट्रीय मूल, आयु, विकलांगता या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं करता है।

Language Assistance Services

Si habla español, usted puede conseguir ayuda para entender este documento, hablando con su proveedor de atención primaria del programa EWC o llamando al Contratista Regional de su condado. Los teléfonos del Contratista Regional se encuentran abajo. Esta asistencia lingüística es gratis.

如果您說漢語，我們可以幫助您瞭解這份文檔。請諮詢您所在地EWC附近診所或當地負責聯絡人。當地負責人電話見下文，他們會免費提供說明服務。

DHCS

1-800-511-2300
dhcs.ca.gov/EWC

© 2021 डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ केयर सर्विसेज। सर्वाधिकार सुरक्षित।
Hindi

# स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की नि:शुल्क जांच

ईडब्लूसी प्रोग्राम के द्वारा

## एवरी वूमेन काउंट्स (ईडब्लूसी) प्रोग्राम क्या है?

ईडब्लूसी प्रोग्राम स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की नि:शुल्क जांच और अनुवर्ती सेवाएं प्रदान करता है। इसमें कैलिफ़ोर्निया में पात्र महिलाओं के लिए मैमोग्राम, पैप और एचपीवी जांच शामिल हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए महिलाओं को नियमित रूप से स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच करानी चाहिए।

## आपको मैमोग्राम क्यों कराना चाहिए?

- जब स्तन कैंसर का निदान जल्दी कर लिया जाता है, तो इलाज करना सरल होता है।
- मैमोग्राम उस छोटे से छोटे स्तन कैंसर का पता लगा सकता है जिसे आप या आपके चिकित्सक महसूस करने में असमर्थ होते हैं।

## आपको मैमोग्राम कितनी बार कराना चाहिए?

- यदि आप 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के हैं, तो हर 1 से 2 वर्ष।
- अपने चिकित्सक से इस बारे में चर्चा करें कि आपको कब और कितनी बार जांच करवानी चाहिए।

**1-800-511-2300**
**dhcs.ca.gov/OPL**

## ईडब्लूसी प्रोग्राम निम्नलिखित नि:शुल्क प्रदान करता है:

- मैमोग्राम
- पैप जांच
- एचपीवी जांच
- पैप और एचपीवी सह-जांच
- अनुवर्ती परीक्षण, यदि आवश्यक हो

अपने चिकित्सक से इस बारे में चर्चा करें कि आपको कब और कितनी बार स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच करवानी चाहिए।

## स्तन कैंसर के कुछ चेतावनी संकेतों और/या लक्षणों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- स्तन या काँख में गांठ या सूजन;
- स्तन के माप या आकार में परिवर्तन;
- स्तन या निप्पल की त्वचा की बनावट और रंग में परिवर्तन (प्रगर्तन, सिकुड़ना, लाल होना, पपड़ीदार त्वचा या मोटा होना);
- निप्पल रिट्रैक्शन और इन्वर्जन;
- निप्पल डिस्चार्ज; और/या
- स्तन का दर्द।

यदि आपको इनमें से कोई भी संकेत या लक्षण हैं, तो तुरंत अपने चिकित्सक से संपर्क करें।

कृपया ध्यान दें कि ये चेतावनी संकेत और/या लक्षण स्तन कैंसर के अलावा अन्य समस्याओं के साथ भी हो सकते हैं।

## आपको गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच क्यों करानी चाहिए?

- कोशिका परिवर्तनों को जल्दी खोजना और उनका इलाज करना सर्वाइकल कैंसर को रोक सकता है।
- पैप जांच गर्भाशय ग्रीवा में उन कोशिका परिवर्तनों की तलाश करता है जिनसे कैंसर हो सकता है।
- एचपीवी परीक्षण उस वायरस की खोज करता हैजो गर्भाशय ग्रीवा में कोशिका परिवर्तन का कारण बन सकता है।

## आपको किस अंतराल पर गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच करानी चाहिए?

- 21 साल और उससे अधिक उम्र की महिलाओं को हर 3 वर्षों में पैप जांच करानी चाहिए।
- 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र की महिलाएं निम्नलिखित में से विकल्प चुन सकती हैं:
  - हर 5 वर्षों में एचपीवी जांच, अथवा
  - हर 5 वर्षों में पैप और एचपीवी सह-जांच, अथवा
  - हर 3 वर्षों में पैप जांच।

अपने चिकित्सक से इस बारे में चर्चा करें कि आपके लिए क्या सही है।